हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, बुधवार, 24 सितंबर 2025

14 मांगों को लेकर कर्मचारियों का प्रदर्शन, सीएम के नाम सौंपा...




14 जलभराव ने अरबों रुपये की खरीफ फसल को ...



**खबर संक्षेप**

### आईटीआई में रोजगार मेला एक अक्टूबर को

**भिवानी।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्रांगण में एक अक्टूबर को सुबह नौ बजे रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले में फीटर, इलेक्ट्रीशियन, टर्नर, वेल्डर, मशीनिस्ट, वायरमैन, इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिक, ट्रेक्टर मैकेनिक, टीपीईएस, शीट मेटल, फाउंड्रीमैन व्यवसायों के आईटीआई पास विद्यार्थी कैंपस प्लेसमेंट में अधिक से अधिक संख्या में हिस्सा लेकर रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। राजकीय आईटीआई के प्रधानाचार्य बलबीर सिंह ने बताया कि रोजगार मेले में अनेक कंपनिया भाग लेंगी, जिसमें उक्त कोर्स पास 18 से 28 वर्ष आयु तक के आईटीआई पास विद्यार्थी हिस्सा ले सकते हैं।

### सांसद करेंगे स्कूली खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ

**भिवानी।** भीम खेल परिसर में 24 से 26 सितंबर तक राज्य स्तरीय स्कूली खेल प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से सांसद चौ. धर्मबीर सिंह 24 सितंबर को सुबह 10 बजे प्रतियोगिता का शुभारंभ करेंगे। सांसद के कार्यालय द्वारा जारी दौरा कार्यक्रम के अनुसार सांसद धर्मबीर सिंह 25 सितंबर को लोहारू मार्केट में सांय सात बजे व्यापारियों से बात करेंगे और जीएसटी की नई संरचना के बारे में जानकारी देंगे। इसके बाद आठ बजे लोहारू रेलवे स्टेशन पर वंदे भारत ट्रेन के ठहराव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगे तथा ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे।

### घरो में दूषित पानी की हो रही है सप्लाई

**बवानीखेड़ा।** बवानीखेड़ा में एक तरफ बरसाती पानी जमा है दूसरी तरफ सीवरेज के पानी ने चारों और अपनी बदबू से लोगों का जीना दुभर किया हुआ है वहीं तीसरी और जन स्वास्थ्य द्वारा पीने का सप्लाई किया जाने वाला पानी गंदगीनुमा पहुंच रहा है। वार्ड 6 में गंदे पानी की निकासी से लोगों में रोष फैल गया। वार्डवासियों की मानें तो आज पूरे शहर की आफत पानी है। हांसी चुंगी, बाईपास का रास्ता पानी के कारण बाधित है, नगर पालिका कार्यालय के पीछे, शहीद गुलाब सिंह पार्क से लेकर हांसी चुंगी तक सीवरेज के गंदे पानी का जनाजा निकला हुआ है ।

## गोसेवकों और प्रशासन की जागरूकता के बावजूद भी लोग पुण्य के चक्र में बन गए पाप के भागीदार

# श्रद्धा पर अंधविश्वास पड़ गया भारी, श्राद्ध अमावस्या पर 17 गायों की मौत, 31 बीमार

**पितरों की आत्मा की शांति के लिए खिलाया तला हुआ अधिक भोजन**

*श्राद्ध अमावस्या से एक माह पूर्व जिला प्रशासन ने स्कूलों, कॉलेजों, गांवों और वार्डों में चलाया था जागरूकता अभियान*

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिवानी





**भिवानी।** उपचाराधीन क्षमता से अधिक रोटियां और तला हुआ खिलाने से बीमार हुई गाय और बीमार गायों का उपचार करते चिकित्सक। फोटो : हरिभूमि

गोरक्षा दल के तमाम प्रयासों के बावजूद एक बार फिर श्रद्धा पर अंधविश्वास एवं अज्ञानता भारी पड़ा, जिसके परिणामस्वरुप गत 21 सितंबर को श्राद्ध अमावस्या पर अत्याधिक रोटियां, खीर, पुरी व हलवा खिलाने से जिलेभर में सोमवार देर रात तक 48 गाय बीमार अवस्था में मिली और जिनमें से 17 की मंगलवार सुबह तक मौत हो गई। भिवानी के आसपास क्षेत्र में कल देर रात तक 36 गाय और बवानीखेड़ा में 12 गाय कुल मिलाकर 48 गाय बीमार अवस्था में पाई गई।

सोमवार देर शाम तक भिवानी में मिली 36 गायों में से 13 और बवानीखेड़ा में मिली 12 गायों में से 4 सहित 17 गोवंश की मौत हो गई। उल्लेखनीय हैं कि गत 21 सितंबर को श्राद्ध अमावस्या थी और हर कोई अपने पितरों की आत्मा की शांति के लिए दान पुण्य करने में लगा था, लेकिन भेड़ चाल में लोग पुण्य की बजाय पाप के भागी बन बैठे।

गोरक्षा दल के अनेक प्रयासों के बावजूद लोगों ने लापरवाही बरती और जाने अनजाने में 17 गायों को अत्यधिक रोटियां, खीर, पूरी व हलवा खिलाकर मौत के घाट उतार दिया। पितरों की आत्मा की शांति के लिए पुण्य की बजाय पाप कमा बैठे। गोरक्षा दल के करीब 500 रक्षकों, 50 नगर परिषद के सफाईकर्मियों ने मिलकर शहर के 12 अस्थायी बाड़ों में सैंकड़ों गोवंश को रोका और उनकी जान बचाने का काम किया, लेकिन जो गाय उनकी पकड़ से बाहर रह गई वो लोगों के हत्थे चढ़ गई। लोगों ने उन्हें रोटियां, पूरी, हलवा व खीर खिला खिलाकर अफारा ला दिया, क्योंकि एक गाय मात्र ढाई किलोग्राम अनाज खाने की क्षमता रखती हैं, इससे अधिक अनाज की मात्रा पेट में गई तो उनके पेट में एसिड बन जाएगा और वो जिंदगी और मौत जूझने लगेगी।

**बस एक, बस एक रोटी के चक्कर में गई गोवंश की जान**

पितरों की आत्मा की शांति के लिए बस एक बस एक रोटी खिलाने के चक्कर में गली मोहल्लों में खड़ी गायों को क्षमता से अधिक अनाज खिला दिया। परमार ने बताया कि श्राद्ध की अमावस्या पर गौवंश को काल का ग्रास बनने से बचाने के लिए हर वर्ष गौरक्षा दल और प्रशासन लगातार जागरूकता अभियान चलाया हैं, लेकिन लोग इतना समझाने के बावजूद गली में खड़ी गायों को रोटियां खिलाते हैं। जागरूकता अभियान में अनेक बार बताया गया कि गली में खड़ी गाय को रोटियां न दें। एक-एक रोटी खिलाने वाले सैकड़ों लोग हो जाते हैं। जिससे गाय को अफारा हो जात है।

**48 बीमार गायों में से 31 की जान बचाई**

श्राद्ध अमावस्या पर अत्यधिक अनाज, पूरी, हलवा व खीर खाने से बीमार हुई गायों को बचाने के लिए पशुपालन विभाग पूरी तरह मुस्तैद रहा। विभाग के उपनिदेशक डॉ. रविंद्र सहरावत के नेतृत्व में पशु चिकित्सकों और उनके सहायकों की पूरी टीम पिछले तीन दिन से 24 घंटे के लिए तैनात रही, जिन्होंने अपने भरसक प्रयास कर 48 बीमार गायों में से 31 गायों की जान बचाई। गोरक्षा दल ने जिला प्रशासन, पशुपालन विभाग, नगर परिषद से भविष्य में भी गोवंश की सेवा एवं उनकी जान बचाने में सहयोग करने की अपील की।

**लोगों में अच्छी के बजाय बुरे कार्य की भेड़ चाल**

गोरक्षा दल के प्रधान संजय परमार ने बताया कि हरियाणा में कहावत हैं, भेड़ चाल, लेकिन वो भी अच्छे कार्य करने की नहीं, बल्कि बुरे कार्य को अंजाम देने की। गोरक्षा दल के सदस्यों ने शहर में पंपलेट, पोस्टर, बैनर, होर्डिंग, ऑटो रिक्शा पर लाउडस्पीकर लगाकर अनाऊसमेंट करके लोगों को गली, मोहल्लों, बाजार व सड़कों पर जागरूक करने का प्रयास किया, लेकिन लाख कोशिशों के बावजूद लोग आदत से मजबूर रहे और उन्होंने रोड व गली में खड़ी गाय को रोटियां, पूरी, हलवा व खीर खिला खिलाकर मारने का काम किया। खूब जागरूकता के बावजूद 17 गाय की मौत हो गई ।

## इंसानियत शर्मसार: पुलिस प्रशासन की बड़ी लापरवाही, शव को कूड़े के रिक्शे में डाला

■ तोशाम स्थित झील में मिला था शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶। तोशाम

मंगलवार सुबह तोशाम पुलिस प्रशासन की इंसानियत को शर्मसार कर देने वाली लापरवाही सामने आई। तोशाम स्थित झील में मंगलवार सुबह एक अज्ञात युवक का शव मिला जिसके लिए तोशाम पुलिस प्रशासन को एंबुलेंस या कोई अन्य वाहन तक उपलब्ध नहीं हो सका और मृतक युवक के शव को झील में से निकालने के बाद कूड़े के



रिक्शे में डाल दिया गया और इसी कूड़े के रिक्शे में शव को तोशाम के सिविल अस्पताल में ले जाया गया। जोकी यह घटना पुलिस प्रशासन की मानवता के प्रति घोर लापरवाही जाहिर करती है।

आखिरकार यह देखकर प्रतीत होता है कि तोशाम पुलिस प्रशासन की नजर में एक इंसान की कीमत कूड़े के समान है। उल्लेखनीय है कि मंगलवार सुबह तोशाम झील में एक अज्ञात युवक का शव मिला। शव को तोशाम पुलिस ने पानी से बाहर निकालने के पश्चात ग्राम पंचायत तोशाम के एक कूड़े के रिक्शे में डाल दिया और इसी कूड़े के रिक्शा में शव को तोशाम के नागरिक अस्पताल लाया गया।

काबिले गौर होगा कि पुलिस प्रशासन द्वारा मृतक युवक के शव के लिए लापरवाही के चलते एंबुलेंस या कोई अन्य वाहन उपलब्ध नहीं करवाया गया। जिससे कूड़े के रिक्शे में पड़ा मृतक युवक का शव यह गवाही दे रहा था कि एक इंसान की कीमत पुलिस की नजरों में कूड़े के समान है।

## बीकानेर से दिल्ली के बीच दौड़गी वंदे भारत ट्रेन

### 25 को सांसद हरी झंडी दिखा करेंगे रवाना, सात बजे पहुंचेगी लोहारू

हरिभूमि न्यूज ▶▶। लोहारू

आगामी 25 सितंबर को लोहारू रेलवे जंक्शन को एक और बड़ी सौगात मिलने वाली है। दरअसल लोहारू जंक्शन के रास्ते आगामी 25 सितंबर से बीकानेर-दिल्ली के बीच वंदे भारत रेलगाड़ी सरपट दौड़ेगी तथा 25 सितंबर को भिवानी महेंद्रगढ़ के सांसद चौ धर्मबीर सिह सांय करीब सात बजे रेलगाड़ी का स्वागत करेंगे और महेंद्रगढ़ तक का सफर भी तय करेंगे। बहरहाल प्राथमिक तौर से मिली जानकारी के अनुसार यह रेलगाड़ी सप्ताह में छह दिन चलेगी।

भाजपा नेता राजेश चहड़िया ने बताया कि सांसद चौ धर्मबीर सिंह के प्रयासों से लोहारू जंक्शन पर वंदे भारत रेलगाड़ी का ठहराव सुनिश्चित हुआ है तथा इस रेलगाड़ी के चलने



लोहारू के साथ साथ निकटवर्ती राजस्थान राज्य के सैकड़ों गांवों के लोगों को सुगम सफर का लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि 25 सितंबर को भिवानी महेंद्रगढ़ के सांसद लोहारू रेलवे जंक्शन पर वंदे भारत रेलगाड़ी का स्वागत करेंगे और इससे पहले लोहारू के बाजार में कार्यकर्ताओं से रूबरू होंगे।

**छह दिन दौड़ सकती है वंदे भारत**

लोहारू रेलवे स्टेशन एसएस जगदीश कुमार से मिली जानकारी के अनुसार पूरे देश का गौरव का प्रतीक मानी जाने वाली वंदे भारत रेलगाड़ी की लोहारू जंक्शन को सौगात मिली है। यह बहुत ही सराहनीय है। उन्होंने बताया कि 25 सितंबर से शुरू होने वाली वंदे भारत रेलगाड़ी 2 बजकर 20 मिनट पर बीकानेर से पहली बार रवाना होगी और करीब सात बजे लोहारू जंक्शन पर पहुंचेगी। उन्होंने बताया कि यह रेलगाड़ी प्राथमिक रूप से 4 एसी और एसएलआर के साथ पहुंचेगी। यह पूरी रेलगाड़ी एसी होती है। उन्होंने बताया कि इस रेलगाड़ी के सप्ताह में छह दिन दौड़ने की संभावना है लेकिन अभी तक अंतिम समय सारणी और किराया सूची उपलब्ध नही हुई है।

## शहीद की धर्मपत्नी केसर देवी को नायब तहसीलदार ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶। तोशाम

शहीदों की बदौलत हम सुख की सांस ले रहे हैं उक्त शब्द 110 वर्षीय द्वितीय विश्व युद्ध में शहीद हुए नायब सूबेदार महावीर सिंह की धर्मपत्नी केसर देवी को शहीदी दिवस पर सम्मानित करते हुए तोशाम के नायब तहसीलदार विकास ने मौके पर उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहे।

उन्होंने कहा कि आज हम खुली हवा में सांस ले रहे हैं और अपने अधिकारों के प्रति सचेत है इसमें सारा योगदान उन शहीदों का था जिन्होंने बिना लाग लपेट के बिना लोभ-लालच के अपने प्राणों की



**भिवानी।** शहीद की पत्नी को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

**ये रहे मौजूद:** इस अवसर पर ब्लॉक समिति के पूर्व चेयरमैन युद्धवीर सिंह, मास्टर तेजवीर सिंह, राजेंद्र सिंह गिरदावर, इनेलो नेता अशोक मलिक, मुकेश शर्मा ढाणीमाहु, अनिल शेषमा, राजेश पंघाल, सत्यवान, गुड्डू खरकड़ी, अधिवक्ता योगेश पंघाल, शिवम, जसवंत, अंकुर, सत्यम, सूबेदार हरपाल, सुबेदार सुमेर सिंह, चंद्रपाल, सूबेदार सुबे सिंह आदि मौजूद रहे।

आहुति दी। युवा कल्याण संगठन के संरक्षक कमल सिंह प्रधान ने कहा की जिला प्रशासन का हम धन्यवाद करते हैं कि ऐसे मौके पर जिन्होंने देश के लिए अपने प्राणों की आहुति दी उनके परिजनों को सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि आज हम सबको मिलकर उन शहीदों को याद करना चाहिए और उनके दिखाए हुए मार्ग पर चलना चाहिए।

## पोर्टल पर अपडेट नहीं होने से सरकारी खरीद शुरु नहीं हो पाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶। बाढड़ा

कस्बे की अनाजमंडी मे भले ही खरीद एजेंसियों ने बाजरा खरीद आरंभ करने के लिए तिथि व शेड्यूल निर्धारित किया हो लेकिन देर शाम तक पोर्टल पर रिकार्ड अपडेट न होने के कारण बाजरा की खरीद शुरु नहीं हो पाई है जिसके कारण खरीद को कुछ दिन के लिए टाल दिया गया है।

सरकार द्वारा हर उत्पादक किसान को भावांतर देने व एक माह से बिक्री का इंतजार करने वाले क्षेत्र के किसानों का सब्र जवाब दे गया है और वह औने पौने दामों में बेचता नजर आ रहा है। प्रदेश के दक्षिणी



हरियाणा की रेतीली मिट्टी में उत्पादित बाजरा सरकारी दरों के रूप में एमएसपी दर 2775 रुपये प्रति क्विंटल होने के बाद सरकार द्वारा सितंबर से खरीद शेड्यूल जारी होने के कारण मंडियों में छाई विरानी छटने लगी है और आज लगभग पांच सौ क्विंटल की आवक हो गई है। खरीद एजेंसियों द्वारा जानबूझ कर देरी की जा रही है।

## नांगल के खिलाड़ियों ने नेशनल चैंपियनशिप में किया नाम रोशन

■ पदक विजेता आर्यन व अंशु का गांव में किया जोरदार स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिवानी

गांव नांगल के युवाओं द्वारा शुरू नशे के खिलाफ व खेलों को अपनाने के प्रति शुरू की गई जागरूकता पहल अब दिखने लगी है, जिसके तहत युवा वर्ग खेलों को अपनाने के लिए प्रेरित हुए तथा अब खेलों में शानदार प्रदर्शन कर जिला व प्रदेश का नाम रोशन कर रहे है।

इसका शानदार परिणाम हाल ही



**भिवानी।** खिलाड़ियों का स्वागत करते ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

में देहरादून में आयोजित 10वीं राष्ट्रीय स्तर की चैंपियनशिप में देखने को मिला है। 19 से 21 सितंबर तक देहरादून में आयोजित हुई 10वीं राष्ट्रीय स्तर की चैंपियनशिप में कोच संजय कुमार के मार्गदर्शन में गांव नांगल के युवा खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमें आर्यन पुत्र कश्मीर बंसल मिस्त्री ने 100 मीटर दौड़ में पहला स्थान हासिल किया। वही अंशु पुत्र दिनेश कुमार उर्फ अक्षय मिस्त्री ने 400 मीटर दौड़ में पहला स्थान प्राप्त किया। इन दोनों होनहार खिलाड़ियों की जीत से पूरे गांव में खुशी की लहर दौड़ गई, जिनका मंगलवार को गांव में पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। इस मौके पर सरपंच कुलदीप सिंह व श्रीश्याम दीवाना मंडल के प्रधान सत्यवान सिंह ने विजेता खिलाड़ियों की जीत पर खुशी जताते हुए कहा कि इस तरह की सफलताएं दूसरे बच्चों को भी खेलों की ओर आकर्षित करती है।

**प्रधानमंत्री ने देशवासियों को दिया दीपावली का तोहफा : गंगवा**

# जीएसटी की दरों में कमी से आम आदमी को मिली बड़ी राहत

■ स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने के लिए आज से ही अपने घर से करें शुरुआत : गंगवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिवानी

प्रदेश के लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जीएसटी दरों में भारी कमी कर देशवासियों को दीपावली का एक तोहफा दिया है।

जीएसटी की नई संरचना से गरीब, मध्यम वर्ग, आमजन, महिलाओं, व्यापारियों सहित हर वर्ग को सीधा फायदा होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा स्वदेशी वस्तुएं अपनाने के लिए किए गए आह्वान को भी साकार करना है, जिससे देश का पैसा देश ही रहेगा। उद्योग-धंधों को बढावा मिलेगा और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। गंगवा मंगलवार को लोक निर्माण विश्राम गृह में पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र कौशिक भी मौजूद रहे। गंगवा ने कहा कि जीएसटी की नई संरचना के तहत रोजमर्रा में



**भिवानी।** पत्रकारों से बातचीत करते मंत्री रणबीर गंगवा। फोटो : हरिभूमि

प्रयोग होने वाले सामान्य खाद्य पदार्थों पर जीरो टैक्स अपनाते हुए 12 से 18 प्रतिशत की बजाय पांच प्रतिशत की श्रेणी में रखा गया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह के अनुरोध पर किसान हित को देखते हुए कृषि उपकरणों, फसल अवशेष प्रबंधन के उपकरणों व ट्रैक्टर आदि पर पांच प्रतिशत जीएसटी किया गया है। खाद और पेस्टीसाईड पर जीरो से पांच प्रतिशत किया गया है।

**दवाइयां होंगी सस्ती:** आम आदमी को राहत प्रदान करते हुए दवाइयों पर जीरो टैक्स किया गया है। स्वास्थ्य उपकरणों पर जीएसटी घटाकर पांच प्रतिशत किया गया है, जिससे उपचार सस्ता होगा। केबिनेट मंत्री गंगवा ने कहा कि केवल स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाने वाली वस्तुओं को 40 प्रतिशत की श्रेणी में रखा गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का यह कदम देश को विकसित बनाने में मील का पत्थर साबित होगा।

**भाजपा जो कहती है, वह करती है: गंगवा**

मंत्री ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार पंडित दीन दयाल उपाध्याय के अंत्योदय के सिद्धांत पर चलते हुए पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति को सरकार की योजनाओं का लाभ देने का काम कर रही है। प्रदेश में योग्यता के आधार पर बिना पर्ची-बिना खर्ची नौकरी प्रदान की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा जो कहती है, वह करती है। हरियाणा में भाजपा अपने एजेंडे के अनुरूप 25 सितंबर को प्रदेश में लाडो लक्ष्मी योजना का शुभारंभ करने जा रही है, जिसके लिए पांच हजार करोड़ रुपए के बजट का प्रावधान किया गया है। प्रथम चरण में परिवार में एक लाख रुपए तक की आय वाली 23 से 60 साल उम्र की महिलाएं शामिल की गई हैं, जो प्रदेश में करीब 20 लाख महिलाएं हैं।

## पुलियों में लगी आग, एक एकड़ की बाजरे की पुलियां और पाइप जले

हरिभूमि न्यूज ▶▶। बाढ़ड़ा

गांव रामबास में मंगलवार दोपहर को अज्ञात कारणों से अचानक बाजरे की पुलियों में आग लग गई। आग लगने से करीब एक एकड़ की पुलियां जलकर राख हो गईं, वहीं पास में रखे पाइप भी आग की चपेट में आकर नष्ट हो गए। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जल्द कार्रवाई से आग से आस पास के क्षेत्र मे फैलने से रोका गया नहीं तो बड़ी क्षति हो सकती थी।

ग्रामीण दीपक पुत्र अमर सिंह गांव रामबास ने बतायाकि उसने



एक एकड़ की बारते की पुलियां काट कर ईक्टठी की हुई थी । मंगलवार दोपहर को अज्ञात कारणें से पुलियों में आग लग गई जिससे पास में रखे प्लास्टिक पाईप 12 ड्रिप वाली नलकी जल गई। सुचना मिलते ही उन्होंने दमकल विभाग को फोन किया इसके बाद दमकल विभाग के कर्मचारियों ने मौके पर पहुंच कर मुश्किल से आग पर काबू पाया।



## मस्ती 4 में इस बार होगा विवेक-रितेश आफताब के साथ चार गुना धमाका

**मुंबई।** 'मस्ती 4' के निर्माताओं ने मंगलवार को बहुप्रतीक्षित कॉमेडी फिल्म का टीजर रिलीज कर फैंस को खुश कर दिया है। इस बार पहले से भी ज्यादा पागलपन, मस्ती और दोस्ती देखने को मिलेगी। पोस्ट के साथ निर्माताओं ने कैप्शन में लिखा, 'पहले की थी मस्ती, फिर हुई ग्रैंड मस्ती, फिर ग्रेट ग्रैंड मस्ती, अब होगी मस्ती 4। इस बार चार गुना शैतानी, 4x दोस्ती और 4x कॉमेडी धमाका। अब केवल आपके नजदीकी सिनेमाघरों में 21 नवंबर को रिलीज हो रही है।' 'मस्ती' पहली बार 2004 में रिलीज हुई थी। इंद्र कुमार के निर्देशन में बनी इस कॉमेडी फिल्म में अजय देवगन, विवेक ओबेरॉय, रितेश देशमुख, आफताब शिवदासानी, लारा दत्ता, अमृता राव, तारा शर्मा और जेनेलिया ने अभिनय किया था।

लाइफ Style

# दीपिका

## 9 साल बाद विन संग करेंगी हॉलीवुड फिल्म

एजेंसी ▶▶ मुंबई

ऐसा लग रहा है कि दीपिका पादुकोण के 'कल्कि 2898 एडी 2' से बाहर होते ही जैकपॉट हाथ लगा है। लेटेस्ट रिपोर्ट्स के मुताबिक, दीपिका को हॉलीवुड फिल्म मिलने की खबर है। माना जा रहा है कि दीपिका की ये अगली हॉलीवुड फिल्म विन डीज़ल के साथ हो सकती है।

हाल ही में खबर आई थी कि दीपिका पादुकोण की बढ़ती डिमांड के चलते उन्हें प्रभास की फिल्म 'स्पिरिट' से संदीप रेड्डी वांगा ने बाहर कर दिया था। इस खबर ने हर सुनने वालों को काफी हैरान किया था। अब पिछले दिनों दीपिका के 'कल्कि 2898 एडी' से बाहर होने की खबर ने भी सबको हक्का-बक्का कर दिया। ये खबर प्रोडक्शन हाउस ने खुद शेयर की थी। अब कहा जा रहा है कि इन फिल्मों से आउट हो चुकीं दीपिका को बड़ी हॉलीवुड फिल्म हाथ लगी है। माना जा रहा है कि दीपिका हॉलीवुड में करीब 9 साल बाद वापसी करने जा रही हैं। चर्चा है कि वो विन डीज़ल के साथ 'एक्सएक्सएक्स' फ्रेंचाइजी की अगली फिल्म कर सकती हैं। दरअसल, हॉलीवुड स्टार विन डीज़ल ने खुद इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट किया है जिसे देखकर फैन्स मान रहे हैं कि इसमें दीपिका होंगी। विन डिज़ल ने इस पोस्ट में एक्सएक्सएक्स के नए पार्ट का जिक्र किया। इसी के साथ ऐसा इशारा है कि इस बार फिल्म की शूटिंग मुंबई में हो सकती है। उन्होंने पोस्ट में लिखा है, 'शेयर करने के लिए बहुत कुछ है,ऐसी आइकॉनिक कहानियां जो किसी गहरे एहसास से जुड़ी हैं।



हॉलीवुड मसाला



## जिमी किमेल कर रहे वापसी

**लॉस एंजिल्स।** बीते दिनों अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के करीबी चार्ली किर्क की मौत के बाद चर्चित कॉमेडियन जिमी किमेल लाइव शो को अचानक बंद कर दिया गया था। हालांकि, ये फैसला एबीसी नेटवर्क ने लिया था, क्योंकि जिमी किमेल ने चार्ली किर्क के संदिग्ध हत्यारे को लेकर विवादित बयान दिया था। इस खबर ने सभी को हैरान कर दिया था। अब मनोरंजन जगत से एक बड़ी खबर आई कि जिमी का शो फिर से शुरू हो रहा है और वो वापसी कर रहे हैं।



## मौन साधना के लिए आना चाहती हैं भारत

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड स्टार जेनिफर एनिस्टन ने एक खास बातचीत में बताया कि वो चाहती हैं कि उनकी अगली भारत यात्रा आध्यात्मिकता पर फोकस हो। वो भारत में एक मौन साधना में भाग लेना चाहती हैं। साथ ही मेडिटेशन के एक्सपीरियंस की भी इच्छा जताई है। दुनियाभर में पॉपुलर सीरीज 'फ्रेंड्स' में रेचल ग्रीन का किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस जेनिफर एनिस्टन चर्चा में हैं। उन्होंने खुलासा किया है कि वो इस बार स्प्रिचुअल एक्सपीरियंस के लिए भारत आना चाहती हैं। भारत में उनकी अगली जर्नी मेडिटेशन और मौन साधना को लेकर हो सकती है। जेनिफर एनिस्टन ने ये सारी बात, साथी कलाकार रीज विदरस्पून के साथ भारत से जुड़े अपने अनुभवों पर चर्चा करते हुए की। जेनिफर और रीज एक बार फिर 'द मॉर्निंग शो' के चौथे सीजन में लीड रोल में नजर आ रही हैं।



## रूमर्ड बॉयफ्रेंड राज के साथ आईं नजर


**मुंबई।** सामंथा रुथ प्रभु काफी वक्त से अपने रूमर्ड बॉयफ्रेंड राज निदिमोरु के साथ रिश्ते को लेकर चर्चा में हैं। हालांकि, दोनों में से किसी ने अपने रिश्ते के बारे में कुछ नहीं कहा है। हाल ही में सामंथा को मुंबई के बांद्रा में मौजूद एक जिम में देखा गया। सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में देखा जा सकता है कि उनके रूमर्ड बॉयफ्रेंड राज निदिमोरु पहले निकलते हुए दिखाई दिए। कुछ देर बाद अभिनेत्री बाहर निकलती हुई दिखाई दीं। वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। अभिनेत्री का नाम निर्देशक राज निदिमोरु के साथ जोड़ा जा रहा है। सामंथा ने उनके साथ कई फिल्मों में काम किया है। हाल ही में सामंथा ने दुबई से एक तस्वीर शेयर की थी। इस तस्वीर में उन्होंने एक शख्स का हाथ पकड़ा था।



## एआई से तैयार वीडियो पर जताई नाराजगी

**मुंबई।** अक्षय कुमार इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म 'जॉली एलएलबी 3' को मिल रही प्रशंसा से उत्साहित हैं। इस बीच अब अभिनेता ने एआई से बनाई गई उनकी एक वीडियो पर नाराजगी जताई है। साथ ही इसको लेकर स्पष्टीकरण जारी करते हुए इस तरह की खबरों का खंडन करने की बात कही है। दरअसल, एक वीडियो में अक्षय को महर्षि वाल्मीकि की भूमिका में दिखाया गया है। अब अभिनेता ने सोशल मीडिया पर इन दावों का खंडन किया और इस तरह की छेड़छाड़ की गई सामग्री के तेजी से फैलते प्रसार पर चिंता व्यक्त की। अक्षय ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर इस मामले पर प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने लिखा, मुझे हाल ही में एक फिल्म के ट्रेलर के कुछ एआई-जनरेटेड वीडियो मिले हैं।

टीवी मसाला



## तान्या बनीं रानी तो अमाल ने खिलाया अपने हाथों से खाना

**नई दिल्ली।** रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' अपने धमाकेदार एपिसोड और कंटेस्टेंट्स की शानदार लाइन-अप से दर्शकों का दिल जीत रहा है। नया एपिसोड भी कुछ अलग नहीं रहा, क्योंकि इसमें कई मजेदार पल दिखाए गए। सबसे बड़ी चीजों में से एक, जिसने सबका ध्यान खींचा, वह था जब अमाल मलिक ने अवेज दरबार पर नकली फॉलोअर्स होने का आरोप लगाया। इसके बाद काफी कहा सुनी हुई। अब नए एपिसोड का प्रोमो भी आ गया है। साथी घरवालों के साथ बातचीत में, अमाल ने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि अवेज के असली फॉलोअर्स हैं। मुझे लगता है कि 30 मिलियन में से 25 मिलियन फेक हैं क्योंकि मैंने देखा है कि उनका ट्रैक्शन कितना ज्यादा है। मैं उन्हें अपने गानों के प्रचार के लिए पैसे देता हूं और इसीलिए वह अब तक मुझसे नहीं लड़ रहे थे और अगर वह असली मर्द हैं, तो मेरे गानों का इस्तेमाल नहीं करेंगे।' इस बात को लेकर सोशल मीडिया पर भी बहस छिड़ गई है। शो के नए प्रोमो में तान्या मित्तल और अमाल मलिक घर के राजा-रानी बने हैं और शहबाज उन्हें पंखा हिलाकर हवा दे रहे हैं। जीशान ने भी तान्या को पानी पिलाया। प्रोमो में शहबाज तान्या को खाने की प्लेट दे रहे हैं। अमाल आकर अपने हाथों से खाना खिलाते हैं। शहबाज खड़े होकर पंखा हिलाते हैं। जीशान आकर उन्हें पानी पिलाते हैं। उन्हें शहबाज महाराजा के पिता कहते हैं। दूसरे प्रोमो में प्रणित अलग ही मूड में नजर आ रहे हैं। उनकी अमाल से लड़ाई हो जाती है।

## जया के सवाल से बिग बी की बोलती हो गई थी बंद

**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन का शो 'कौन बनेगा करोड़पति' का 17वां सीजन भी दर्शकों का दिल जीत रहा है। हाल ही में सामने आए एक प्रोमो में लेटेस्ट एपिसोड की कुछ झलकियां नजर आ रही हैं। इनमें बिग बी ने बताया कि कैसे शो में जया के आते ही उनकी बोलती बंद हो गई थी। प्रोमो में शो में बतौर कंटेस्टेंट पल्लवी हॉट सीट पर नजर आ रही हैं। बिग बी से उन्होंने अपनी बेटियों को बुलाने की बात कही. पल्लवी की बेटियां से अमिताभ ने बात भी। इस दौरान बिग बी पल्लवी की छोटी बेटी के ट्रेडिशनल आउटफिट और मोगरे के गजरे को देखकर खुश हो जाते हैं और बताते हैं कि उनकी पत्नी जया को भी गजरा पहनना बहुत पसंद है। शो के दौरान पल्लवी कहती हैं कि जब आप सामने होते हो तो हर कंटेस्टेंट्स अपने जवाब भूल जाता है और वह सही जवाब नहीं दे पाता। ये सुनते ही अमिताभ जया से जुड़ा किस्सा शेयर करते हैं और कहते हैं कि जो लोग शो देखते हैं, उन्हें पता है कि एक बार जया बच्चन होस्ट बनी थी और मैं कंटेस्टेंट् उस वक्त मेरी भी हालत बहुत खराब हो गई थी।



## इन बॉलीवुड फिल्मों में दिखता है सांकेतिक भाषा का महत्व

*नई दिल्ली। भाषा केवल शब्दों तक सीमित नहीं होती, बल्कि संकेत भी उतने ही शक्तिशाली माध्यम हैं। यह उन लोगों के लिए वरदान है, जो सुनने-बोलने में सक्षम नहीं होते हैं। सिनेमाई दुनिया में ऐसी फिल्में बनी हैं, जिनमें इन संवेदनशील मुद्दों को दिखाया गया है।*

**कोशिश** : गुलजार के निर्देशन में साल 1972 में एक फिल्म आई 'कोशिश'। इस फिल्म में संजीव कुमार और जया भादुड़ी मुख्य भूमिका में थे। यह फिल्म एक मूक-बधिर जोड़े के संघर्षों पर आधारित है, जिसमें दिखाया जाता है कि वो संकेतों के जरिए बात करके अपना जीवनयापन करते हैं। यह फिल्म थी, जिसने शारीरिक विकलांगता को पर्दे पर दिखाने का काम किया था।

**खामोशी-द म्यूजिकल** : संजय लीला भंसाली के निर्देशन में साल 1996 में 'खामोशी द म्यूजिकल' फिल्म रिलीज हुई थी। इस फिल्म में सलमान खान, मनीषा कोइराला, नाना पाटेकर जैसे कलाकार मुख्य भूमिका में थे। फिल्म की कहानी में एक बधिर दंपती जोसेफ और फ्लेवी ब्रगेंजा हैं। उनकी एक बच्ची है एनी, जो नॉर्मल है। इस फिल्म में भी सांकेतिक भाषा का प्रयोग दिखता है।



**इकबाल** : नागेश कुकनूर द्वारा निर्देशित फिल्म इकबाल साल 2005 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म की कहानी एक क्रिकेट खेलने वाले मूक-बधिर इकबाल की है, जिसके संघर्ष और जुनून की कहानी को दिखाया गया है। इसमें श्रेयस तलपड़े ने मुख्य भूमिका निभाई है। इस फिल्म को दो राष्ट्रीय पुरस्कार भी मिल चुके है।

**बर्फी** : रणबीर कपूर और प्रियंका चोपड़ा अभिनीत 'बर्फी' 2012 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में बर्फी नाम के लड़के की कहानी दिखाई गई है, जो मूक और बधिर है। एक दिन उसे श्रुति नाम की लड़की से प्यार हो जाता है। इसके बाद दोनों सांकेतिक भाषा में बात करते हैं और दोनों के बीच में प्यार गहरा हो जाता है। यह फिल्म दर्शकों को लुभाने का काम करती है।

## अधीरा में आमने-सामने होंगे कल्याण और सूर्या

*मुंबई। शरण कोप्पिसेट्टी के निर्देशन में बन रही अपकमिंग तेलुगु फिल्म 'अधीरा' के निर्माताओं ने इसका पहला लुक जारी किया है। इसमें कल्याण दसारी और एसजे सूर्या को दिखाया गया है। पहला पोस्टर दर्शकों को रोमांचित कर रहा है। यह फिल्म आरकेडी स्टूडियोज के बैनर तले बन रही है। इसे आरके दुग्गल ने प्रस्तुत किया है और रिवाज रमेश दुग्गल इसके निर्माता हैं। पोस्टर में एक विशाल ज्वालामुखी फटता हुआ दिखाई दे रहा है, जिससे आसमान में आग फैल रही है। इस अफरा-तफरी के बीच एसजे सूर्या बदले हुए नजर आ रहे हैं। उनके आदिवासी कवच उन्हें बैल जैसे सींगों वाले एक राक्षस जैसा दिखा रहे हैं। उनके सामने कल्याण दसारी निडरता से घुटनों के बल बैठे हैं। उनकी आंखें खौफनाक लग रही हैं। उन्होंने खास तरह का वैज्ञानिक सूट पहना है। यह फिल्म कल्याण दसारी के अभिनय कॅरियर की शुरुआत है। उन्होंने अपकमिंग फिल्म 'दे कॉल हिम ओजी' का निर्माण किया है। '*



### मनपसंद सॉन्ग सुनने को मिल जाए तो दिल हो जाता है खुश

## वो कर्णप्रिय धुन, जिस पर पांच संगीतकारों ने बनाए ये गाने

*नई दिल्ली। बॉलीवुड सॉन्ग दिल को सुकून देते हैं। आप कितने भी तनाव में हों, अगर कोई मनपसंद सॉन्ग सुनने को मिल जाए तो दिल खुश हो जाता है। टेंशन छू मंतर हो जाता है। वैसे तो हर फिल्म के गाने और उनकी धुन अलग होती है, लेकिन बॉलीवुड में एक धुन ऐसी है, जिस पर 10 गाने बने। इन गानों को लोगों ने बहुत पसंद किया। इन गानों को आपने जरूर सुना होगा।*

### ठंडी हवाएं, लहराके आएं

1951 में आई फिल्म नौजवान संगीतकार एसडी बर्मन ने म्यूजिक दिया था। इस फिल्म की एक धुन पर 11 गाने बनाए गए। गाने के बोल थे : 'ठंडी हवाएं, लहराके आएं..'. गाने के आवाज दी थी लता मंगेशकर ने। फिल्म का डायरेक्शन महेश कौल ने किया था। फिल्म में प्रेमनाथ, नलिनी जयवंत, यशोधरा काटजू, कमल मेहरा, जेब कुरैशी, एसएन बनर्जी नजर आए थे। फिल्म का म्यूजिक एसडी बर्मन ने दिया था। गीतकार साहिर लुधियानवी थे। इस धुन से प्रेरित होकर दूसरे संगीतकारों ने भी गाने बनाए। फिर चाहे वो संगीतकार रोशन हों या राम लक्ष्मण, या मदन मोह. एसडी बर्मन के बेटे आरडी बर्मन ने तो चार बार इस धुन का इस्तेमाल अलग-अलग फिल्मों में किया।. इसका खुलासा भी आरडी बर्मन ने ही अपने एक इंटरव्यू में किया था।



### नगमा हमारा गाएगा ये जमाना

पांचवीं बार यही धुन 1976 में आई फिल्म 'बंडलबाज' में सुनने को मिली थी। गाने को आवाज रफी-लता ने दी थी। गीत के बोल थे : नगमा हमारा गाएगा ये जमाना। फिल्म के डायरेक्टर शम्मी कपूर थे। म्यूजिक आरडी बर्मन ने दिया था। एक तरह से आरडी बर्मन ने अपने पिता की धुन में थोड़ा बहुत बदलाव करके नया गाना बना दिया। राजेश खन्ना, शम्मी कपूर और सुलक्षणा पंडित फिल्म में नजर आए थे। हालांकि, यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर उतनी सफल नहीं रही थी।

### रहें ना रहें हम महका करेंगे बनके कली...

1966 में संगीतकार रोशन ने एक फिर से इस धुन का इस्तेमाल अपनी एक और फिल्म में किया। फिल्म थी : ममता. गाने के बोल थे : 'रहें ना रहें हम, महका करेंगे, बनके कली...' । असित सेन ने फिल्म को डायरेक्ट किया था। सुचित्रा सेन, धर्मेंद्र और अशोक कुमार इस फिल्म में अहम भूमिकाओं में थे। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बहुत सफल रही थी। यह गाना फिल्म में दो बार रखा गया था। एक बार लता मंगेशकर की आवाज में सोलो सॉन्ग और दूसरी बार मोहम्मद रफी-सुमन कल्याणपुर का ड्यूट सॉन्ग। यह चौथा मौका था जब एक ही धुन पर कोई गाना बना।

### तेरा दिल कहां है, सब कुछ यहां है...

1954 में 'चांदनी चौक' में इस धुन का इस्तेमाल करके फिर से एक गाना बनाया गया। 'चांदनी चौक' का डायरेक्शन बीआर चोपड़ा ने किया था। फिल्म में मीना कुमारी लीड रोल में थी। म्यूजिक रोशन ने दिया था। उन्होंने एसडी बर्मन की धुन में थोड़ा सा फेरबदल करके म्यूजिक कंपोज किया। गाने को आवाज आशा भोसले ने दी थी। गाने के बोल थे : 'तेरा दिल कहां है, सब कुछ यहां है।' इस गाने की शुरुआती धुन 'ठंडी हवाएं, लहराके आएं...' से ही प्रेरित थी।

### यही है तमन्ना, तेरे घर के सामने

तीसरी बार इसी धुन पर एक सॉन्ग 1964 में आई फिल्म 'आपकी परछाइयां' में सुनाई दी। फिल्म में धर्मेंद्र, शशिकला, ओम प्रकाश और सुप्रिया चौधरी नजर आए थे। मोहन कुमार ने फिल्म का डायरेक्शन किया था। म्यूजिक मदन मोहन ने दिया था। इस फिल्म का एक गाना 'यही है तमन्ना, तेरे घर के सामने, मेरी जान जाए, मेरी जान जाए....' नौजवान मूवी के सॉन्ग से ही प्रेरित था। इस गाने को आवाज मोहम्मद रफी ने दी थी।

## खबर संक्षेप

### स्वयं सेवकों को राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित किया

**लोहारू।** हरियाणा शहीदी दिवस के मौके पर मंगलवार को चौ. बंसीलाल राजकीय कॉलेज एक दिवसीय एनएसएस शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्रभारी डॉ सुजीत कुमार के संयोजन और प्राचार्य डॉ मुकेश चहल की अध्यक्षता में आयोजित इस शिविर के दौरान स्वयं सेवकों को राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित किया गया। राष्ट्र के प्रति सेवाभाव, अनुशासन और सर्वांगीण विकास की भावना को जागृत करने के उद्देश्य से आयोजित इस शिविर में देश व प्रदेश के शहीदों को नमन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

### जिला स्तर पर मनाई जाएगी वाल्मीकि जयंती

**चरखी दादरी ।** हरियाणा सरकार ने महर्षि वाल्मीकि जयंती जिला स्तर पर मनाने का निर्णय लिया है। सरकार के निर्देश पर जिला कल्याण विभाग से परामर्श कर 5 से 7 अक्तूबर तक महर्षि वाल्मीकि जयंती पर जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### बाढ़ ने फसल और घर सब किए तबाह : अनिरुद्ध चौधरी

**तोशाम।** कांग्रेस के भिवानी ग्रामीण जिला अध्यक्ष अनिरुद्ध चौधरी ने मंगलवार को तोशाम क्षेत्र के विभिन्न गांव में पहुंचकर अपनों के बीच सुख-दुख सांझा किया। इस दौरान उन्होंने किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर किसान हित में मांग उठाई। कांग्रेस के भिवानी ग्रामीण जिला अध्यक्ष अनिरुद्ध चौधरी ने मंगलवार को तोशाम क्षेत्र के गांव खैरपुरा, लेघा, संडवा, पटौदी खुर्द, थिलोड, सरल, भूरटाना, सागवान आदि गांव में पहुंचकर ग्रामीणों से बातचीत की और सुख-दुख सांझा किया।

### स्वदेशी अपनाने से ही देश बनेगा आत्मनिर्भर

**भिवानी।** भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र के सांसद धर्मबीर सिंह ने कहा कि वोकल फॉर लोकल और स्वदेशी अपनाने से ही समृद्ध विकसित भारत का निर्माण होगा। अपने निज निवास पर क्षेत्र के लोगों से जनसंवाद के दौरान सांसद धर्मबीर सिंह ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत निरंतर आर्थिक प्रगति की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि देश की 37 करोड़ युवा शक्ति को सही दिशा देकर आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाकर राष्ट्र निर्माण में लगाना बहुत जरूरी है। उन्होंने युवाओं को स्वरोजगार अपनाकर स्वयं के स्टार्टअप शुरू करने और नवाचार के माध्यम से नए उत्पाद तैयार करने के लिए प्रोत्साहित किया।

### शहीद राष्ट्र की अमूल्य धरोहर : एसडीएम

**लोहारू।** एसडीएम मनोज दलाल ने हरियाणा वीर एवं शहीदी दिवस के अवसर पर कारगिल शहीद सुरेंद्र श्योराण स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर देश की आजादी में अहम योगदान देने वाले राव तुलाराम सहित अन्य अमर शहीदों को नमन किया। एसडीएम मनोज दलाल ने इस दौरान शहीद वीरांगना सुलोचना देवी को सम्मानित भी किया।

## 58वीं हरियाणा राज्य स्तरीय स्कूल खेल प्रतियोगिता आज से होगी शुरू

# विद्यालयों में छिपी प्रतिभाओं को मंच देगी तीन दिवसीय राज्य स्तरीय प्रतियोगिता : दहिया

- राज्य स्तरीय स्कूली खेल प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर डीईओ व डिप्टी डीईओ ने किया भीम स्टेडियम का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिवानी

हरियाणा विद्यालय शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित 58वीं हरियाणा राज्य स्तरीय स्कूली खेल प्रतियोगिता का आयोजन भिवानी में किया जाएगा। यह प्रतियोगिता 24 सितम्बर से 26 सितंबर तक भीम स्टेडियम, भिवानी में आयोजित होगी। प्रतियोगिता की तैयारियों का जायजा मंगलवार को भिवानी जिला शिक्षा अधिकारी डा. निर्मल दहिया, उप जिला शिक्षा अधिकारी एवं खेल प्रतियोगिता के नोडल अधिकारी शिवकुमार तंवर ने लिया। इस अवसर पर समन्वय अधिकारी सत्यवान कोच, श्रीभगवान, डा. अनिल कुमार, स्टेट अवॉर्डी प्राचार्य पवन शास्त्री, प्राचार्य संतोष भाकर को विशेष जिम्मेदारी सौंपी गई। प्रतियोगिता का शुभारंभ 24 सितंबर को मुख्य अतिथि चौ. धर्मवीर सिंह सांसद, भिवानी-महेंद्रगढ़ द्वारा किया जाएगा।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में घनश्याम सर्राफ विधायक भिवानी तथा साहिल गुप्ता उपायुक्त भिवानी रहेंगे। इस प्रतियोगिता में बालक वर्ग में एथलेटिक्स, बास्केटबॉल और क्रिकेट खेल शामिल होंगे। प्रतियोगिता में अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 आयु वर्ग के लडक़ों की स्पर्धाएं आयोजित होंगी। वहीं क्रिकेट खेल में विशेष रूप से अंडर-14 और अंडर-19 वर्ग की प्रतियोगिताएँ होंगी।



**भिवानी।** राज्य स्तरीय स्कूली खेल प्रतियोगिता के आयोजन की तैयारियों का जायजा लेते अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### अधिकारी व कर्मचारी पूरी निष्ठा से कर रहे काम

इस मौके पर शारीरिक शिक्षक विनोद पिंकू ने जानकारी दी कि प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए सभी पीटीआई, डीपीई, प्रवक्ता, प्राचार्य एवं शिक्षा विभाग से जुड़े अधिकारी व कर्मचारी पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य कर रहे हैं। भीम स्टेडियम इन तीन दिनों तक खेल प्रतिभाओं का केंद्र रहेगा, जहां पूरे हरियाणा से हजारों खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे और हरियाणा का गौरव बढ़ाएंगे। इस अवसर पर जिला खेल अधिकारी विद्यानंद, राजेश शर्मा प्रवेश गौतम, प्रवक्ता मदन गोपाल, प्रितपाल डीपीई, मनोज शर्मा, मुकेश सांगवान, जीतपाल शर्मा, विनोद रंगा, विनोद सांगा, बिजेंद्र चौहान भी साथ रहे।

### प्रतियोगिता की सभी तैयारी पूरी

इस मौके पर जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि प्रतियोगिता की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। खिलाड़ियों के लिए ठहरने और खेल मैदान की व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य स्कूलों में छुपी हुई प्रतिभा प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को मंच प्रदान करना है, ताकि वे राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें। उन्होंने कहा कि पूरे हरियाणा भर से खिलाड़ी खेल नगरी एवं छोटी काशी भिवानी में पहुंचेंगे। खिलाड़ी मेहमानों को किसी भी प्रकार की समस्या ना आए उसके लिए अलग-अलग टीम में बनाकर बड़े ही बेहतरीन तरीके से तैयारी की गई है।

## देश की आजादी के लिए काबुल तक पहुंच गए थे राव तुलाराम

# महान स्वतंत्रता सेनानी राव तुलाराम को किया नमन, दी श्रद्धांजलि

**1857 के भारतीय विद्रोह के प्रमुख नेता थे राव तुलाराम: यादव**

हरिभूमि न्यूज भिवानी

राव तुलाराम महान स्वतंत्रता सेनानी और 1857 के भारतीय विद्रोह के प्रमुख नेता थे, जिन्हें हरियाणा के दक्षिण-पश्चिम क्षेत्र का राजनायक माना जाता है, ये बात स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी कल्याण संगठन के अध्यक्ष महेन्द्र पाल यादव ने कही। वे राव तुलाराम के शहीदी दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि राव तुलाराम ने दिल्ली में विद्रोही सैनिकों को सैन्य बल, धन और युद्ध सामग्री से सहायता प्रदान की और अंग्रेजों को अस्थायी रूप से खदेड़ दिया।

उन्होंने अंग्रेजों से भारत को मुक्त करवाने की मदद लेने के लिए भारत छोड़ दिया और विदेशी शासकों से संपर्क स्थापित करने की कोशिश की, लेकिन अंततः 23 सितंबर 1863 को काबुल में उनकी मृत्यु हो गई। कामरेड ओमप्रकाश ने उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि महान स्वतंत्रता सेनानी शहीद राव तुलाराम ने 1857 के विद्रोह में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ मजबूती से विद्रोह किया और अपने क्षेत्र से अंग्रेजों को खदेड़ दिया। उन्होंने ईरान और अफगानिस्तान के शासकों से मुलाकात की और रूस के जार से संपर्क करने की योजना बनाई। इस अवसर पर सुरजभान बामला, जसबीर फौजी, धर्मपाल ग्रेवाल, सुभाष बामला, बाबू सुखदेव पालुवास, बिजेन्द्र कोंट, सुरेश किराड़, अनुराग जांगड़ा, रामपाल यादव, अमर सिंह यादव, चतर जीताखेड़ी, रामअवतार गुप्ता आदि उपस्थित रहे।



**भिवानी।** राव तुलाराम को नमन करते स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी कल्याण संगठन के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### एनसीसी कैडेट्स ने शहीद राजवीर सिंह की प्रतिमा की सफाई कर दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिवानी

भिवानी गांव कलिंगा के स्कूल में मंगलवार को शहीदी दिवस मनाया गया। प्रातःकालीन सभा में प्राचार्य बजरंग तंवर ने बताया कि हर वर्ष 23 सितंबर को हरियाणा वीर एवं शहीदी दिवस मनाया जाता है। यह दिन राज्य के बहादुर वीरों और शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए मनाया जाता है, जिन्होंने देश और राज्य की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया। इस दिन राव तुलाराम जैसे स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद किया जाता है, जिन्होंने 1857 के विद्रोह में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी और अपने प्राणों का बलिदान दिया। एनसीसी कैडेट्स ने गांव कलिंगा में शहीद राजवीर सिंह की प्रतिमा की साफ सफाई की और उन्हें पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।



**भिवानी।** शहीद को नमन करते एनसीसी कैडेट्स।

### विद्यार्थियों ने कला के माध्यम से दर्शाया वीर सपूतों का बलिदान एवं जीवन आदर्श



**भिवानी।** बाबा मुंगीपा एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स स्कूल में मंगलवार को हरियाणा वीर शहीदी दिवस का आयोजन बड़े ही धूमधाम और देशभक्ति के जज्बे के साथ किया। स्कूल के प्रधानाचार्य रमेश रंगा के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से शहीदों को श्रद्धांजलि दी। छात्रों ने रंगोली व चित्रकला प्रतियोगिता में हिस्सा लिया, जिसमें उन्होंने देश के वीर सपूतों के बलिदान और जीवन आदर्शों को कला के माध्यम से दर्शाया। ग्यारहवीं कक्षा की कोमल और पायल, और दसवीं कक्षा के अंशुल की कलाकारी ने विशेष रूप से सभी का ध्यान आकर्षित किया। रंगा ने प्रतिभाशाली छात्रों को सम्मानित कर उनका हौसला बढ़ाया। शिक्षक पवन कुमार ने कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि युवाओं को देश के शहीदों और महापुरुषों के जीवन आदर्शों से परिचित कराना अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम में खरियाबास से आए समाजसेवी जयवीर पूनिया ने अपने विचार व्यक्त किए।

### गांव झरवाई में शहीदी दिवस पर सरपंच के नेतृत्व में चलाया स्वच्छता अभियान



**भिवानी।** शहीदी दिवस पर गांव झरवाई की सरपंच कमला देवी ने अनूठी पहल की। उन्होंने गांव की अन्य महिलाओं के साथ मिलकर गांव में एक व्यापक सफाई अभियान चलाया, जिसका उद्देश्य स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। अभियान में सरपंच ने स्वयं हाथों में झाड़ू थामकर उदाहरण पेश किया। सुबह-सुबह गांव की महिलाएं सरपंच कमला देवी के नेतृत्व में एकत्रित हुईं और गांव के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों की सफाई शुरू की। सरपंच ने स्वयं झाड़ू लगाकर और कूड़ा एकत्रित करके महिलाओं का उत्साह बढ़ाया, उनका ये कदम अन्य ग्रामीणों के लिए प्रेरणास्रोत बना। इस दौरान सरपंच कमला देवी व सरपंच प्रतिनिधि राजेश ने स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वच्छता में ही भगवान का निवास होता है। उन्होंने बताया कि स्वस्थ जीवन के लिए स्वच्छता को अपनाना बहुत जरूरी है। एक स्वच्छ वातावरण हमें कई तरह की बीमारियों से दूर रखता है और जीवन को बेहतर बनाता है। उन्होंने आगे कहा कि इस तरह के अभियान सिर्फ एक दिन के लिए नहीं होते, बल्कि ये लोगों को स्वच्छता को अपनी आदत बनाने के लिए प्रेरित करते हैं।

## श्रद्धालुओं ने संत समाज की शिक्षाओं को आत्मसात करने का संकल्प लिया



**भिवानी।** आयोजित सत्संग में प्रवचन करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिवानी

गांव ढाना लाड़नपुर में शहीदी दिवस के अवसर पर संत रविदास समाज कल्याण ट्रस्ट एवं नवदुर्गा सेवा सहयोग संस्था के संयुक्त तत्वावधान में भव्य सत्संग एवं भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने संत समाज की शिक्षाओं को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

सत्संग के दौरान संतों की वाणी का पाठ और समाज कल्याण पर विचारों का व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में हिसार से पधारे महंत राजेश्वरानंद ने गुरु की महिमा का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि गुरु हमेशा अपने शिष्यों की सुरक्षा करते हैं और उन्हें सही मार्गदर्शन प्रदान करते हैं, ताकि शिष्य किसी भी जीवन या ज्ञान की परीक्षा में असफल न हों। महंत राजेश्वरानंद ने आगे कहा, "गुरु से प्रेरणा लेकर मन में रखा गया विश्वास, अविचल श्रद्धा और भक्ति इतिहास को भी बदल देती है। इस अवसर पर ट्रस्ट के प्रधान दलबीरा नंद ने संतों के विचारों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि संतों की वाणी हमें सत्य, अहिंसा, समानता और भाईचारे का संदेश देती है।

## महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव के तहत निकाली शोभा यात्रा बनी आकर्षक का केंद्र

- महाराजा अग्रसेन के समरसता व भाईचारा के सिद्धांत को फैलाना था 16 दिवसीय कार्यक्रम का उद्देश्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिवानी

श्री अग्रवाल सभा (रजि.) भिवानी द्वारा 16 दिनों तक चले महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव का रविवार को एक विशाल शोभा यात्रा के साथ भव्य समापन हुआ। यह शोभा यात्रा हालु बाजार स्थित अग्रसेन भवन से शुरू हुई और शहर के मुख्य मार्गों जैसे जैन चौक, सराय चौपटा, और नया बाजार से होते हुए भूतों वाले मंदिर में समाप्त हुई। कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि विधायक घनश्याम सर्राफ ने शिरकत की।

इस बार की शोभा यात्रा की सबसे खास बात इसकी झांकियां रहीं। धार्मिक और सामाजिक संदेशों को दर्शाने वाली ये झांकियां न केवल कलात्मक थीं, बल्कि उनमें एक गहरा संदेश भी छिपा था। उड़ीसा और केरल के पारंपरिक नृत्यों ने भारतीय संस्कृति की विविधता को दर्शाया, जबकि महाकाल नृत्य में धार्मिक आस्था की झलक दिखाई दी।



**भिवानी।** शहर में शौभायात्रा निकालते हुए। फोटो :हरिभूमि

### राधा-कृष्ण की झांकियों ने मन मोहा

*इस शोभा यात्रा में धार्मिक और सामाजिक सद्भाव को दर्शाती हुई विभिन्न झांकियों का प्रदर्शन किया गया, जो सभी के लिए एक विशेष आकर्षण का केंद्र बनीं। शोभा यात्रा में शामिल झांकियां, रंगीन उड़ीसा नृत्य, पारंपरिक केरल नृत्य, और जोशपूर्ण महाकाल नृत्य, महाकाल भस्म आरती, ऑपरेशन सिंदूर, राधा-कृष्ण की झांकियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। इसके अलावा, डांडिया, ताशे, और बाहर से आए कलाकारों के साथ-साथ बैंड और ढोल पार्टियों ने भी शोभा यात्रा में चार चांद लगा दिए।*

## मोटर जलने से विरुद्ध हुई पानी की निकासी का किया समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिवानी

डिस्पोजल की मोटर जलने के चलते सेक्टर 13 मार्केट के आसपास कुछ समय के लिए बनी पानी निकासी की समस्या का समाधान हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा कर दिया गया है। पानी निकासी होने पर स्थानीय निवासियों ने राहत की सांस ली है। वहीं डीसी साहिल गुप्ता के निर्देश पर हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के अधिकारियों ने त्वरित कार्रवाई की।

दो रोज पहले सेक्टर 13 की मार्केट के आसपास क्षेत्र में पानी निकासी नहीं होने की समस्या डीसी श्री गुप्ता के संज्ञान में आई। डीसी ने हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए। वहीं विभाग के जेई करूण कुमार ने बताया कि 21 सितंबर रात करीब 12:43 पर बिजली गुल होने बाद जब बिजली फिर से आई तो डिस्पोजल को चालू किया गया। डिस्पोजल चालू होने के साथ ही मोटर में इलेक्ट्रिक शॉट हो गया, जिससे मोटर जल गई।

### टैंकर लगाकर करवाई पानी की निकासी

उन्होंने बताया कि 22 सितंबर को सुबह-सुबह ही मोटर को रिवाइंड करवाया कर डिस्पोजल में स्थापित करवाया गया। वहीं इस बीच टैंकर लगाकर पानी निकासी करवाई गई। फिलहाल सेक्टर 13 मार्केट के आसपास क्षेत्र में पानी निकासी से संबंधित कोई समस्या नहीं है। उन्होंने बताया कि सीवरेज से संबंधित जो भी समस्या संज्ञान में आती हैं, उनका तुरंत प्रभाव से समाधान करवाया जाता है। यदि सेक्टर में कहीं पर सीवरेज से संबंधित समस्या है तो वे विभाग में संपर्क कर सकते हैं।

## भाजपा जिला अध्यक्ष ने किया स्वदेशी अपनाने के लिए प्रेरित

# भाजपा ने चलाया स्वदेशी अपनाओ जागरूकता अभियान

**आत्मनिर्भर भारत की ओर बढ़ता हुआ मजबूत कदम है वोकल फॉर लोकल का नारा : कौशिक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिवानी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में दो अक्तूबर तक चल रहे सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं ने सोमवार को वोकल फॉर लोकल नारे को जन-जन तक पहुंचाने के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाया। इस अभियान का नेतृत्व भाजपा जिला अध्यक्ष विरेंद्र कौशिक ने किया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने बाजारों में दुकानदारों और ग्राहकों से संवाद स्थापित कर स्वदेशी उत्पादों के उपयोग के महत्व पर विस्तार से चर्चा की। जिला अध्यक्ष विरेंद्र कौशिक ने लोगों से आह्वान किया कि वे विदेशी वस्तुओं की बजाय देश में बने उत्पादों की खरीद को प्राथमिकता दें, ताकि देश के लघु उद्योग, कारीगर और छोटे व्यापारी मजबूत हो सकें। उन्होंने कहा कि वोकल फॉर लोकल केवल एक नारा नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर भारत की ओर बढ़ता हुआ एक मजबूत कदम है। उन्होंने बताया कि स्वदेशी उत्पादों को अपनाने से न केवल देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजग़ार के अवसर भी बढ़ेंगे। इस दौरान कौशिक ने नागरिकों को यह भी जानकारी दी कि केंद्र सरकार ने हाल ही में कई स्वदेशी वस्तुओं और आवश्यक सामान पर जीएसटी की दरों को कम किया है, जिससे ग्राहकों और दुकानदारों दोनों को सीधा लाभ मिलेगा। जागरूकता अभियान के दौरान कार्यकर्ताओं ने बाजारों में दुकानदारों को स्वदेशी अपनाओ-देश बनाओ का संदेश दिया। भाजपा जिला अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को लोकल को ग्लोबल बनाने का मंत्र दिया है।



**भिवानी।** शहर में विशेष जागरूकता अभियान चलाते हुए।

### जीएसटी की जानकारी दी

इसी दौरान जिला अध्यक्ष कौशिक ने दुकानदारों को जीएसटी के घटाई गई दरों की भी जानकारी दी। इस मौके पर जिला महामंत्री रमेश पचेरवाल, रेखा राघव, जिला उपाध्यक्ष प्रदीप प्रजापत, विशाल जीत, राजेश जांगड़ा, शालू अरोड़ा, केके ग्रोवर, सोनिया अत्री, संजय दुआ, लोकेश बंटी, सुनील डावर, शकुंतला प्रधान, जिला मीडिया प्रभारी राकेश मिश्रा, अधिवक्ता दिनेश वर्मा, राहुल धर्मा, धीरज बापोडिया, दिनेश जांगड़ा, शिवराज बागड़ी, नविता तंवर, महेंद्र सरपंच, टोनी राठौर सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## आयुर्वेद हजारों वर्ष पुरानी चिकित्सा पद्धति ऋषि महर्षियों की धरोहर : डॉ. वशिष्ठ

- आयुष विभाग दादरी ने मनाया दसवां आयुर्वेद दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶। चरखी दादरी

आयुर्वेद जन जन के लिए पृथ्वी के कल्याण के लिए थीम के साथ जिला आयुर्वेद अधिकारी कार्यालय भैरवी में दसवें आयुर्वेद दिवस मनाया। आयुष विभाग ने भगवान धन्वंतरि की पूजा-अर्चना, औषधीय पौधें वितरित, शहीदों की याद में पौधरोपण कर व आयुष्मान आरोग्य मंदिर आर्य समाज में निःशुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर करके आयुर्वेद दिवस मनाया।

इसके साथ साथ सफाई अभियान चलाया और कार्यालय प्रांगण की सफाई की। इस अवसर पर जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. राकेश वशिष्ठ ने बताया कि आयुर्वेद हजारों वर्षों पुरानी प्राचीन चिकित्सा पद्धति है, यह ऋषि महर्षियों द्वारा दिया गया एक अमूल्य धरोहर है।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक आयुर्वेद चिकित्सा व शिक्षा से जुड़े इंसान का आयुर्वेद पद्धति सुरक्षित रखना प्रथम कर्तव्य है। जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. राकेश वशिष्ठ ने कहा कि आज ज्यादा से ज्यादा लोग आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति से जुड़े रहे हैं। कोविड आपदा में लोगों के स्वास्थ्य को बचाने में आयुर्वेद चिकित्सा ने एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, इसलिए लोग आयुर्वेद चिकित्सा में विश्वास दिखा रहे हैं।



**भिवानी।** भगवान धनवंतरि का पूजन करते अतिथि व चिकित्सक।

### कल के रोहतक समारोह के लिए दिया न्योता

**तोशाम।** आगामी 25 सितंबर को रोहतक में होने वाले इंडियन नेशनल लोकदल के समारोह को लेकर इनेलो के किसान प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष अजीत बडेसरा के नेतृत्व में इनेलो कार्यकर्ताओं ने तोशाम क्षेत्र के गांव निगाना और बजीना का दौरा कर ग्रामीणों को समारोह का न्योता दिया।

ज्ञात हो कि आगामी 25 सितंबर को पूर्व उप-प्रधानमंत्री ताऊ चौधरी देवीलाल का 112वा जन्मदिवस इनेलो द्वारा धूमधाम से रोहतक में मनाया जा रहा है। जिसका जिला अध्यक्ष अजीत बडेसरा के नेतृत्व में इनेलो कार्यकर्ताओं द्वारा गांव-गांव जाकर ग्रामीणों को न्योता दिया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को इनेलो पार्टी की नीतियों के बारे में बताया तथा जजपा और भाजपा के कई कार्यकर्ताओं को इंडियन नेशनल लोकदल पार्टी ज्वाइन करवाई। इसमें मौके पर रतिराम अलखपुरा, विजेंद्र सागवान, कैलाश पुर एससी प्रकोष्ठ के ब्लॉक अध्यक्ष, विक्रम अलखपुरा, राजा बजीना, चिरंजी नंबरदार, अमित सिंह, रामनिवास, उमेद सिंह, कुलदीप दहिया आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### नुकसान का उचित मुआवजा दे सरकार

**चरखी दादरी।** किसानों की फसलों में हुए नुकसान का सरकार उचित मुआवजा दे, ताकि उन्हें राहत मिल सकें, ये बात नंबरदार एसोसिएशन के प्रदेश प्रवक्ता व जिला प्रधान राजेश नंबरदार पैंतावास खुर्द ने कही। उन्होंने कहा कि बीते दिनों हुई बारिश से किसानों को सीधे तौर पर नुकसान हुआ और इसका खामियाजा झेलना पड़ा है। साथ में कई जगहों कई ग्रामीण क्षेत्रों, कस्बा व शहरी इलाकों में पानी के एकत्रित होने के चलते दुकानदारी कर घर परिवार चलाने वालों के नुकसान को भी सरकार देखें व सहायता करें।

### शहीदों के परिजनों को किया सम्मानित

**चरखी दादरी।** हरियाणा वीर एवं शहीदी दिवस पर मंगलवार को जिले में अमर शहीदों के स्मारक स्थलों पर पहुंचकर गणमान्य लोगों ने महान विभूतियों को नमन किया। शहर के रोज गार्डन में शहीद स्मारक पर एसडीएम योगेश सैनी और बाढ़ड़ा में नायब तहसीलदार साहिल दलाल ने पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर जिला की वीर नारियों के सम्मानित किया।

### उत्कृष्ट योगदान के लिए लाइफ सेवर्स ट्रस्ट सम्मानित

**लोहारू।** नेशनल इंटरनेशनल फोरम ऑफ आर्टिस्ट्स एंड एक्टिविस्ट्स द्वारा दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित भव्य समारोह में लाइफ सेवर्स ट्रस्ट को जिला स्तर पर अवार्डी के रूप में सम्मानित किया गया। संस्था को यह उपलब्धि विशेष रूप से रक्तदान के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय कार्यों के लिए प्रदान की गई। अब तक लाइफ सेवर्स ट्रस्ट ने 46 रक्तदान शिविर आयोजित किए हैं और हजारों जरूरतमंद मरीजों तक रक्त पहुंचाया है।

### गंगवा से मिला श्रीनामदेव सभा का प्रतिनिधिमंडल

**भिवानी।** पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह में संत श्रीनामदेव सभा का प्रतिनिधिमंडल ने कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा से पूर्व चेयरमैन सतबीर वर्मा की उपस्थिति में मिला। इस मुलाकात के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने सभा की तरफ से मांगपत्र सौंपा। कैबिनेट मंत्री गंगवा ने उनकी मांगों के बारे में विचार किया और कहा कि वे मुख्यमंत्री से मुलाकात कर उनकी मांगों को पूरा करवाएंगे।

### विद्यार्थियों को दी विभिन्न जानकारियां

**तोशाम।** मेरा युवा भारत जागरूकता अभियान के तहत तोशाम के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में एनवीवाई रानी मान द्वारा विद्यार्थियों को मेरा युवा भारत पंजीकरण तथा क्लब से जुड़ने की जानकारी दी। इस अवसर पर लगभग 350 विद्यार्थियों का पंजीकरण कराया गया। कार्यक्रम में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान तोशाम के इंचार्ज रविंद्र श्योराण ने भी सहयोग दिया और विद्यार्थियों को इस पहल से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। यह कदम युवाओं को नेतृत्व, कौशल, विकास में सहायक होगा।

# किसान खुद जारी कर सकेंगे डिजिटल गेट पास

## क्यूआर कोड स्कैन होते ही जारी होगा टोकन

- बाजरा खरीद कर दी गई है शुरू, किसान डिजिटल गेट पास करे डाउनलोड : एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी/तोशाम

अब किसानों को गेट पास बनवाने के लिए लाइनों में खड़ा नहीं होना पड़ेगा। मार्केट कमेटी ने पहली बार ई-खरीद हरियाणा मोबाइल ऐप से गेट पास बनाने की प्रक्रिया भी सरल है। किसान प्ले स्टोर से ऐप डाउनलोड कर अपने रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर से लॉगिन करें, ओटीपी से वेरिफिकेशन करें, फसल व मंडी विवरण भरें और तुरंत डिजिटल गेट पास डाउनलोड कर लें। किसान मंडी गेट पर आते ही क्यू आर कोड स्कैन कर लिया जाएगा। उसके बाद अपने आप किसान को गेट पास जारी हो जाएगा। अब से पहले किसानों को गेट पास लेने के लिए लाइनों में खड़ा होना पड़ता था। उसके बाद मार्केट कमेटी जिस किसान का नम्बर आता था। उसका सारा विवरण चेक करने के बाद उसको गेट पास जारी करती थी। इस प्रक्रिया में कम से कम दस से 15 मिनट का समय लग जाता था। कई बार साइट बिजी होने की वजह से इससे भी ज्यादा समय लगता था। जिसके चलते किसानों की लाइनें ओर लम्बी हो जाती थी,लेकिन अब डिजिटल गेट पास जारी होने के बाद मोबाइल में एक स्कैनर आएगा और उस स्कैनर को मार्केट कमेटी के गेट पर दिखाना होगा। उसके बाद तत्काल उस किसान को गेट पास जारी हो जाएगा। इससे किसानों को लाइनों में नहीं लगना पड़ेगा और न ही गेट पास जारी करने में कोई समय लग पाएगा। प्रशासन द्वारा यह व्यवस्था पहली बार ही की गई है। यह नई व्यवस्था भिवानी के अलावा बवानी खेडा, तोशाम, जूई,बहल, सिवानी, लोहारू, ढिगावा मण्डियो में और पाजू प्रचेज सेंटर पर लागू की गई है। 650 रुपये भावातंर भरपाई तो 2150 रुपये में खरीदेंगी एर्जेसियां बाजरा

### अनाज मंडी में बाजरा खरीद की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई

अनाज मण्डी की सेक्रेटरी सुदेश श्योरान ने बताया कि अनाज मंडी में बाजरा खरीद की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। मण्डी में आने वाले किसानों का बाजरा ई-खरीद पोर्टल पर दर्ज किया जाएगा। सरकार की तरफ से बाजरे की खरीद को सुचारू करने के लिए पत्र भी जारी कर दिया गया है। इस बार बाजरा 2775 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से खरीदा जाएगा, जिसमें से 650 रुपये भावांतर भरपाई के जरिये दिया जाएगा जबकि एजेंसियों की तरफ से 2150 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से बाजरा खरीदा जाएगा। वहीं, इस बार 13 प्रतिशत नमी तक बाजरे की खरीद की जाएगी। मार्केट कमेटी सचिव सुदेश श्योराण ने बताया कि अनाज मंडी में सफाई और सभी आवश्यक इंतजाम पूरे कर दिए गए हैं ताकि किसानों को किसी तरह की परेशानी न हो। सरकार के जो भी आदेश होगे उसी हिसाब से खरीद की जाएगी।

### खरीद में कोई दिक्कत नहीं आएगी

एसडीएम रवि मीणा (आईएएस) ने बताया कि अनाज मंडियों में सरकारी आदेशानुसार मंगलवार से बाजरे की सरकारी खरीद शुरू कर दी गई है। बाजरे की खरीद शुरू किए जाने से किसानों व आढ़तियों को राहत मिली है। पिछले काफी दिनों से किसान व आढ़ती लगातार बाजरे की खरीद शुरू करने की मांग कर रहे थे। सरकार की तरफ से बाजरे की सरकारी खरीद शुरू कर दी गई है।

## करीब 70 से 80 हजार एकड़ भूमि जलमग्न

# जलभराव ने अरबों रुपये की खरीफ फसल को डूबोया

फिलहाल खेतों में कहीं पर तीन तो कहीं पर चार फुट तक जलभराव ने बढ़ाई परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी


भले ही प्रशासन पानी की निकासी के लिए पूरे लाव लश्कर के साथ जुटा हो,लेकिन इतने प्रयासों के बावजूद भी करीब दो दर्जन गांवों की अरबों रुपये की खरीफ फसल पानी में डूब गई। करीब 70 से 80 हजार एकड़ भूमि जलमग्न है। हालात ये बने है कि जिन गांवों के खेतों में जलभराव हुआ है। वहां पर बड़ी मुश्किल से 20 से 25 फीसदी ही फसल बची है। बारिश का पानी एक गांव से दूसरे व तीसरे गांव में पहुंचकर फसलों को डूबो दिया। वहीं कई खुश्क इलाकों की संजीवनी बनी ड्रेनों ने ही जमकर कहर ढहाया है। ड्रेन व बारिश के पानी ने खरीफ फसल को तो खतम ही कर दिया। फिलहाल खेतों में कहीं पर तीन तो कहीं पर चार फुट तक जलभराव है। अगर इस पानी की निकासी नहीं हुई तो खरीफ ही नहीं किसानों को रबी फसल से भी हाथ धोने पड़ सकते है। क्योंकि



भिवानी। गांव लोहारी जाटू के खेतों में जमा बारिश के पानी का दृश्य।

अगले माह से सरसों की फसल की बिजाई शुरू हो जाएगी, पर अभी तक खेतों में ही पानी जमा है। पानी की निकासी नहीं हुई तो इस पानी को सूखने में कम से कम दो माह का समय लग जाएगा। ऐसे में रबी फसल की बिजाई का सारा समय ही निकल जाएगा। फिलहाल किसानों को खरीफ फसल की नहीं बल्कि रबी फसल की बिजाई की चिंता सताने लगी है। क्योंकि अब जल्द ही रबी फसलों की बिजाई शुरू होने वाली है। जिनमें गांव धनाना के अलावा गांव तिगड़ाना, घुसकानी, मिताथल, गुजरानी, चांग, सैय, बडेसरा, धनाना, तालु, जताई, मुंढाल, सिवाड़ा, कुंगड़, भैणी, पुर, प्रेम नगर व मंढाणा , तोशाम, बापोडा, दिनोद, बीरण, ढाणी बीरण, रिवासा ढाणी, रिवासा, दांग कला, दांग खुर्द, सागवान, किरावड, भूरटाना, खानक एवं बागनवाला ,खेड़ी, बड़सी, जीताखेड़ी, मिलकपुर, सिकंदरपुर, सज्जनपुर, ढाणी कुशाल, पपोसा, जमालपुर, सीपर, बोहल, लोहारी जाटू, सुमडा खेड़ा, सुई एवं प्रेम नगर में जलभराव हुआ है। यहां पर खरीफ फसल तो खतम हो चुकी है अब रबी फसल की बिजाई होने की भी संभावनाएं कम बची है।

### जहरीले कीटों का बना भय



*खेतों में ज्यादा पानी जमा होने की वजह से पानी में जहरीले कीट पनपने लगे है। खासकर सांप, बिच्छु व अन्य जीव शामिल है।जो कि पानी में विचर रहे है। उपर से दिखाई नहीं देते और पानी के अंदर ही मनुष्य को काट रहे है। उनको काटने का तब पता चलता है,जब रक्त बहने लगता है। विगत में गांव बडेसरा में जलभराव से गुजरने वाले कई लोगों को सांपो ने काटा था। यही स्थिति अन्य गांवों में बनी हुई है।*

### कपास की चुगाई चुनौती

जिन खेतों में कपास की फसल की बिजाई की हुई थी और अब से पहले तक कपास की फसल भी अच्छी थी। उस फसल की चुनाई अभी नहीं की गई थी। अब उस कपास के खेतों में तीन से चार फुट तक पानी जमा है। कपास की फसल पूरी तरह से तैयार है। अब किसानों के समक्ष कपास फसल की चुगाई चुनौती बन गई है। वे किस तरह से पानी के बीच खड़े होकर कपास फसल की चुगाई करवाए। क्योंकि अब कपास की चुगाई(रूई निकालने का कार्य) नहीं किया गया तो कपास के पौधे से रूई नीचे पानी में गिरने लग जाएगी और जिसके बाद रूई खराब होगी।ऐसे में किसान को मोटा नुकसान होने की आशंका बन गई है।

श्री महावीर जैन स्कूल में शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित

# 51 शिक्षकों को किया गया सम्मानित





भिवानी। शिक्षकों को सम्मानित करते हुए। *फोटो हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

श्री महावीर जैन वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मंगलवार को 70वां स्थापना दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित विशेष शिक्षक सम्मान समारोह में जिला भर से आए 51 शिक्षकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हरियाणा अनुसूचित जाति आयोग के वाइस चेयरमैन बिजेंद्र बडगुजर एवं हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन डा. पवन कुमार ने शिरकत की। वही कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर वर्धमान ज्वैलर्स के संचालक सचिन जैन एवं चंद्रशेखर आजाद ओपन ग्रुप के ग्रुप लीडर सागर सज्जन सिंह पहुंचे। वही कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय सचिव अरुण जैन एवं उनकी धर्मपत्नी निशा जैन ने की, जबकि प्रधानाचार्या पुष्पा देवी ने आयोजन को सफलतापूर्वक संपन्न कराया। समारोह के समापन पर विद्यालय परिवार ने अतिथियों और शिक्षकों का आभार जताते हुए कहा कि शिक्षक ही समाज की रीढ़ हैं। उनका समर्पण ही नई पीढ़ी को सशक्त और संस्कारित बनाता है। समारोह के दौरान विद्यालय के संस्थापक रंगीलाल एवं रावतुलाराम को पुष्पमाला अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई।

### संस्कार धूरी

इस मौके पर अतिथियों ने कहा कि शिक्षक ही समाज का मार्गदर्शक होता है। नई पीढ़ी को संस्कारित करने और राष्ट्र निर्माण की असली धुरी शिक्षक ही हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल ज्ञान देने का साधन नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण की आधारशिला है। यह सम्मान समारोह शिक्षकों के योगदान का सच्चा सम्मान है।

## 121 खिलाड़ियों व 20 कोचों को पटका पुष्प एवं साहित्य देकर किया सम्मानित



खिलाड़ियों व कोचों को सम्मानित करते अतिथि। *फोटो हरिभूमि*

- प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की कादमा शाखा में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

खेल जीत-हार से लड़ना और मूल्य सिखाते हैं और हर हाल में बढ़ना सिखाते हैं, ये उद्गार प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की कादमा शाखा में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम खिलाड़ियों का सम्मान समारोह व खेलों में मूल्यों की शक्ति विषय पर जिला खेल अधिकारी विकास सांगवान ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा खेल में सफलता के लिए मूल्यों की शक्ति होना आवश्यक है जो आध्यात्मिकता मेडिटेशन से ही संभव है। खिलाड़ियों का सम्मान समारोह खेल में मूल्यों की शक्ति कार्यक्रम का शुभारंभ आदित्य श्योराण बीडीपीओ झोझूकलां, विकास सांगवान डीएसओ चरखी दादरी, राजयोगी बीके मेहरचंद करनाल, ब्रह्माकुमारी सरिका दिल्ली, बीके वसुधा, नीलम रानी जिला पार्षद, सरपंच चांदपति, बीके रोहताश दिल्ली आदि ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

### खेल और मूल्यों के संबंध को रेखांकित किया

इस अवसर जिला पार्षद नीलम रानी व सरपंच चांदपति ने खेल और मूल्यों के गहरे संबंध को रेखांकित किया। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन बीके जितेन्द्र भाई ने किया।

## स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने को स्वदेशी जागरण मंच का जागरूकता अभियान

- गांव-गांव जाकर स्वदेशी उत्पादों का महत्व बताएगी स्वदेशी संकल्प यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

त्योहारी सीजन में स्वदेशी जागरण मंच ने स्वदेशी उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण अभियान शुरू किया है। इसी क्रम मे स्वदेशी जागरण मंच के भिवानी विभाग द्वारा मंगलवार से 5 दिवसीय स्वदेशी संकल्प यात्रा का आयोजन किया। हुडा पार्क से सक्षम संस्थान के राष्ट्रीय सह सचिव डा. चंद्रभूषण, विभाग संघ चालक सत्यनारायण मित्तल व समाजसेवी नरेश ढिग़ावा ने भगवा झंडी दिखाकर यात्रा को रवाना किया, जो कि मुख्य मार्गो से होकर गुजरी, जिसमें लघु सचिवालय, चंद्रशेखर आजाद चौक, महम गेट, और रोहतक गेट जैसे प्रमुख स्थान शामिल थे।

स्वदेशी जागरण मंच के भिवानी विभाग के संयोजक अमित बंसल मुंढालिया ने मंगलवार को यात्रा का रात्रि ठहराव गुजरानी में रहेगा। जिसके बाद 24 सितंबर को यात्रा लोहानी, कैरू, देवराला, ओबरा, बहल, इशरवाल से होती हुई तोशाम पहुंचेंगी तथा तोशाम में रात्रि ठहराव करेगी। जिसके बाद 25 सितंबर को यात्रा दादरी जिला के लिए रवाना होगी। स्वदेशी जागरण मंच के भिवानी विभाग के संयोजक अमित बंसल मुंढालिया व संदीप गोयल ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने और उसे तरक्की के रास्ते पर ले जाने के लिए स्वदेशी को अपनाना बेहद आवश्यक है।



भिवानी। स्वदेशी उत्पादों को बढाने के प्रति जागरूकता अभियान चलाते हुए।

### ये मौजूद रहे

*इस अवसर पर स्वदेशी जागरण मंच से प्रांत सह संयोजिका सुनीता भतरवाल, धीरज सोनी, विजय टुटेजा, पंकज गोयल, सजीव गुप्ता, राजीव मित्तल, रोहित डुडेजा के साथ व्यापारियों से दिवाकर जैन, गोपाल कुम्हारीवाला, संदीप भूत, अनिल बंसल, संदीप मुन्ना, कपिल शर्मा, जोगिंद्र मोड़ा, राहुल बासिया, विष्णु केडिया, दीपक तोला, अनुराग मनचंदा, राजेश चांगिया, मनीष लाठी, अधिवक्ता चंद्रपाल, अधिवक्ता सुमित जांगड़ा, धर्मेन्द्र जिंदल, मनोज सैनी, पंकज आदि अनेक व्यापारी मौजूद रहे।*

## आरपीएस में स्कॉलरशिप परीक्षा 28 सितंबर को होगी

- स्कॉलरशिप परीक्षा के आधार पर सुपर 30 के माध्यम से 11वीं के 120 बच्चों को आरपीएस पढ़ाएगा नि:शुल्क : इंजी. मनीष राव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

आरपीएस विद्यालय में 28 सितम्बर को स्कॉलरशिप परीक्षा आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा के लिए आरपीएस ग्रुप के सभी 17 विद्यालयों में परीक्षा केंद्र रहेंगे, विद्यार्थी अपनी सुविधा अनुसार संबंधित परीक्षा केंद्र पर पहुंचकर परीक्षा में भाग ले सकते हैं। ग्रुप सीईओ इंजी. मनीष राव ने बताया कि स्कॉलरशिप परीक्षा में कक्षा तीसरी से 9वीं व 11वीं तक के बच्चे भाग ले सकेंगे। परीक्षा के आधार पर विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप दी जाएगी तथा इस परीक्षा के आधार पर सुपर 30 के लिए कक्षा 11वीं के मेडिकल, नॉन मेडिकल, कॉमर्स तथा आर्ट (मनिटीज) के चयनित विद्यार्थियों का फाइनल राउंड भी होगा जिस आधार पर उन्हें विद्यालय में पूरी तरह से निःशुल्क शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। परीक्षा में भाग लेने वाले विद्यार्थी अपना पंजीकरण करवाकर परीक्षा में भाग ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि परीक्षा देने के लिए आने वाले परीक्षार्थी अपने स्कूल का आई कार्ड व आधार कार्ड भी साथ लेकर आएं।





महेंद्रगढ़। आरपीएस विद्यालय।

### सुबह 10:30 बजे से परीक्षा

आरपीएस ग्रुप चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने बताया कि विद्यालय में स्कॉलरशिप परीक्षा का आयोजन रविवार को सुबह 10:30 बजे होगा। इस परीक्षा के आधार पर सुपर 30 के लिए 120 विद्यार्थियों का चयन दूसरे चरण की परीक्षा के बाद आरपीएस ग्रुप करेगा, जिन्हें विद्यालय में नि:शुल्क शिक्षा के साथ-साथ विभिन्न प्रकार की परीक्षा की तैयारी व रहने खाने की व्यवस्था भी की जाएगी।

## भिवानी के डिपो होल्डरों ने जनस्वास्थ्य मंत्री रणबीर गंगवा को सौंपा ज्ञापन

- डिपो होल्डरों ने मंत्री रणबीर गंगवा लंबित कमीशन और सर्वर डाउन की समस्या का सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

पिछले लगभग 6 माह से लंबित कमीशन और राशन वितरण में आ रही तकनीकी दिक्कतों से परेशान भिवानी के डिपो होल्डरों ने मंगलवार को भिवानी पहुंचने पर जनस्वास्थ्य मंत्री रणबीर गंगवा से मुलाकात की। उन्होंने मंत्री को एक मांगपत्र सौंपकर अपनी समस्याओं का समाधान करने की मांग की। डिपो होल्डरों ने भिवानी नगर परिषद के पूर्व चेयमरैन मामनचंद के नेतृत्व में मांगपत्र सौंपा। इस मौके पर डिपो होल्डर हरदेश कुमार हैप्पी ने मंत्री रणबीर गंगवा को बताया कि पिछले करीबन 6 माह से उन्हें उनके काम का कमीशन नहीं मिला है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति खराब हो गई है और उनके सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने कहा कि वे कड़ी मेहनत से काम करते हैं, लेकिन जब उन्हें समय पर अपनी मेहनत का पैसा नहीं मिलता है।



भिवानी। मांगों को लेकर मंत्री को मांगपत्र सौंपते हुए।

### मौजूद रहे

इस अवसर पर राज सरपंच मुंढ़ाल, दिनेश घुसकानी, साहिल बत्रा, वासुदेव तंवर, रमेश खेड़ा, पंकज जैन, राजेश अरोड़ा, पिंकी देवी, पार्षद अनिल कुमार, बिशन स्वरूप, राजेंद्र हनुमान गेट, प्रमोद बिंदल, नितिन बासिया, सुमेर सिंह, दयानंद धारेडू, राजेंद्र खरक भी मौजूद रहे।

## 8वें वेतन आयोग का अति शीघ्र गठन व कच्चे कर्मचारियों को पक्का करे सरकार : एसकेएस

# मांगों को लेकर कर्मचारियों का प्रदर्शन, सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

सार्वजनिक क्षेत्र को मजबूत करके ही देश आगे बढ़ेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

अखिल भारतीय राज्य कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर सर्व कर्मचारी संघ ने मंगलवार को जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन करते हुए उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। धरने की अध्यक्षता जिला प्रधान सूरजभान जटासरा ने की व संचालन जिला सचिव सुमेर आर्य ने किया। उन्होंने धरने को संबोधित करते हुए बताया कि 8वें वेतन आयोग के गठन, कच्चे कर्मचारियों को नियमित करने, पुरानी पेंशन बहाल करने व निजीकरण पर रोक लगाने, लेबर कोड बिल रद्द करने, न्यू एजुकेशन पॉलिसी-2020 में संशोधन करने, बिजली अधिनियम 2020 रद्द करने, सरकारी महकमों का विस्तार करने व खाली पड़े पदों पर नियमित भर्ती करने आदि मांगों को पूरे देश में जिला स्तर पर प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन सौंपे गए हैं। इस मौके पर सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य कोषाध्यक्ष सुखदर्शन सरोहा, हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी के प्रधान सत्यवीर स्वामी, बिजली विभाग के राज्य उप प्रधान धर्मबीर भाटी, राज्य सचिव लोकेश, मैकेनिकल वर्कर्ज यूनियन-41 से अनिल बागड़ी, बवानीखेड़ा के प्रधान चांदराम, बिजेंद्र सांगवान, हरियाणा रोडवेज वर्कर्ज यूनियन के राज्य प्रधान नरेंद्र दिनोद, अनिल कुमार नागर, रिटायर्ड कर्मचारी संघ के राज्य प्रधान वजीर सिंह, राज्य महासचिव रत्तन जिंदल, हेमसा से राज्य उप प्रधान राजेश लांबा, सुरेंद्र दिनोद, पटवार एवं क़ानूनगो एसोसिएशन के राज्य उप प्रधान विकास राठी, अध्यापक संघ के जिला प्रधान अजीत राठी, अनुप सिवाच, राजेश कुमार महरिया, रत्तन सांगवान, साधुराम, भिवानी ब्लॉक के प्रधान सुशील कुमार आलमपुर, पब्लिक हेल्थ राजकुमार, जनवादी महिला समिति की जिला प्रधान बिमला घनघस आदि ने संबोधित करते हुए कि केन्द्र सरकार द्वारा हाल ही लांच की गई प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजग़ार योजना के तहत सभी विभागों को निजी हाथों में देने की मुहिम को तेज कर दिया है, जिसे बिल्कुल भी सहन नहीं किया जाएगा। क्योंकि असली मायनो में सार्वजनिक क्षेत्र को मजबूत करके ही देश को विकसित किया जा सकता है।





भिवानी। शहर में जुलूस निकालते हुए कर्मचारी। *फोटो हरिभूमि*

### पुरानी पेंशन बहाल की मांग

उन्होंने कहा कि कि मुख्य मांगों में पीएफआरडी ए बिल रद कर पुरानी पेंशन योजना को बहाल करना, जब तक आठवां वेतन आयोग आयोग लागू नहीं होता तब तक 5 हजार रुपये अंतरिम राहत के रूप में देना, कौशल रोजगार निगम को भंग कर 10 लाख खाली पड़े पदो कों नियमित भर्ती से भरना, विभागो का निजीकरण बंद कर उनका विस्तार करना है। लेकिन सरकार उन्हें लागू करने में आनाकानी कर रही है जिसे कर्मचारियों में रोष है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार अब स्वयं को संविधान से बड़ा मानने लगी है तथा शोषण करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही, जिसे अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि उनकी मांगें जल्द पूरी नहीं की गई तो वे बड़े प्रदर्शन को मजबूर होंगे।